## REMOVAL OF ENCROACHMENTS ON LAND IN THE NAME OF RELIGION BILL*

SHRI B.V. DESAI (Raichur) : I beg to move for leave to introduce a Bill to prevent the encroachments on land in the name of religion.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The question is :

> "That leave be granted to introduce a Bill to prevent the encroachments on land in the name of religion.

*The Motion was adopted.*

SHRI B.V. DESAI : I introduce the Bill.

---

15.40 hrs.

## ANTI-POPULATION EXPLOSION BILL — *Contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER : Now, we take up further consideration of the following motion moved by Shri P. Rajagopal Naidu on 27 July, 1984, namely :—

> "That the Bill to provide for measures to restrict the growth of population in the country, be taken into consideration."

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South) : This is an important Bill because it deals with population and also measures that are required for the control of population. There can be no two opinions in this country about the control of population. I have seen no serious political party opposing control of population except certain parties based on religion or religious groups. And also the differences are as to the methods that are to be adopted—whether compulsion should be adopted or persuasion should be the method. I feel that the democratic method is persuasion. Unless and until people feel for themselves that it is necessary, by compulsion it is not possible. And the most important thing is to educate them, to make them conscious so that they voluntarily come forward for population control, for restriction of birthrate. The greatest impediment, to my mind, is the illiteracy in our country. Most of our people live in the villages. And in the villages they are still ruled by customs, traditions, obscurantist ideas and in certain spheres, religion also plays a dominant role. That is why, some reform in the religions is also necessary so that they can adopt the modern attitude. While having no quarrel with the Government in its policy on family planning through persuasive method, I have definitely a quarrel with them so far as their profession is concerned. Everywhere you will find the boarding '*If you want to have a happy family, have a small family*'. Will the Government guarantee to all the families which are small that they will be happy ? For happiness what is necessary is bread, shelter, education, health and security. I think, by simply restricting the family our people would not get all these things. And also a very dangerous idea is propagated amonst the people that the root cause of our misery is our population. The whole emphasis is on population. Is it true that because of our rising population our poverty is increasing ? The Government would like us believe that this is the main reason. I would suggest that this is a very wrong notion.

While admitting that population control is necessary, I must emphasize the fact that population increase is also the result of low standard of living. It has been proved conclusively by the social scientists, by the experts, that the countries where the protein intake is less, where the people live in poverty, there is a tendency for growth in population. Look at the African countries, where the per capita income is low. Some of those countries are developing and some of them are under-developed. The growth of population is directly related to the abject poverty they are in. I would refer to a book, which is still regarded as an authority on the subject, *Geo-politics of Hunger* by Castro (not by Fiedel Castro, but by FAO expert Castro), where he has proved by statistics

---

*Published in the Gazette of India Extraordinary, Pt-II, section 2, dated 10.8.84.

that growth in population and poverty go hand in hand. To fight population growth one has to fight poverty. If a country can successfully fight poverty, it can successfully contain the growth rate of population.

Again, I would request you to look at the developed countries, where the growth of population creates no problem. In those countries the problem is that the growth of population is not enough, which is also a danger to the economic productive system. Why is it that we find that in most of the developed countries they do not have the population problem or explosion ? Two hundred years ago they were facing the same problem. But, with industrialisation, with higher standard of living, with spread of education, they were able to control the growth in population and today in some of those countries they have minus growth rate in population, which is a danger.

I would like to quote some statistics to prove that what the Government of India is saying through its propaganda machinery is not only unfounded but it is also dangerous in the sense that instead of identifying the real problems, they would be putting emphasis on a problem which is secondary. What is the growth rate of population in India ? I can give the figures from the 1981 census in thousands :

| | | |
|---|---|---|
| 1911-1920 | ... | 48.1 |
| 1921-1930 | .. | 46.4 |
| 1931-1940 | .. | 45.2 |
| 1941-1950 | ... | 31.9 |
| 1951-1960 | .. | 41.7 |
| 1961-1970 | .. | 41.2 |
| 1971-1980 | .. | 37.2 |

So, from 1911 to 1980 the birth rate per thousand has come down from from 48.1 to 37.2. So, it is not true to say that it is not declining. The birth rate per thousand of population is declining.

There is also a happy sign that the death rate per thousand is declining. During the period 1911-1920 it was 48.6 per thousand. In the decade 1971-80 it has come down to 15. So, there has been a fall in both the birth and death rate. So, we cannot say that in India there is an enormous growth in birth rate. What is the projection for this century ? According to the 1981 census, the projection in birth rate per thousand is :

| | | |
|---|---|---|
| 1981-86 | .. | 32.46 |
| 1981-91 | .. | 32.30 |
| 1991-96 | .. | 31.97 |
| 1996-01 | .. | 31.06 |

The projection can be maximum, medium or low. I am not quoting the lowest projection, but the maximum. So, it would come down from 48 1 to 31.06.

It should also be noted that the birth rate in India is lower than that of many other African and Asian countries. There are some countries where the birth rate is higher than that of India. Even, then, as I have already said, it has to be brought down. It is true that in spite of the falling birth rate, in absolute terms the population is increasing.

Along with the increase in population, the number of poor people is also increasing. In spite of all our development—I do not deny that there has been development—why or how is it that the number of people who are below the poverty line is not falling, whatever may be the principle ? There are many statistics given. The people who are below the povertyline depend on what criterion you adopt to determine it. In our country, what is the criterion taken ? If a man only eats food, he does not buy any cloth or medicine, if he does not spend anything on education, if he survives just like an animal, he is above the poverty line. Even by this criterion, not more than 50 per cent of the people can cross that line. The other 50 per cent are leading the life which is worse than that of an animal.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Two hours were allotted for this item. We have already

[Mr. Deputy-Speaker]

exhausted it. There are still 5 or 6 members wanting to speak. Is it the consensus of the House that we will extend the time by one hour ?

SOME HON. MEMBERS : Yes.

MR. DEPUTY-SPEAKER : All right. It is extended by one hour.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTI : Instead of talking of population as such, in terms of numbers, we should talk of optimum population.

There is a scientific approach given by Collin Clark, the noted Economist, that whether a country is over-populated or not is to be determined by the optimum population necessary to utilise all its idle resources. Thereby a country may remain over-populated even if its absolute population is very little. Suppose a country where the economic growth rate is very low, even its population is just five crores, it may be over-populated because people may not find jobs. So, the basic question is whether we are in a position to utilise all our resources, in other words whether we have been able to maximise our production bringing all our resources into operation ? The Minister will have to say whether in India we have been able to do it. I would say no, we haven't.

Secondly, Sir, poverty is not simply because of the growth rate of population. You may have enough food in the country, but even then there may be famine. The main question is whether the people have got the purchasing power to satisfy their demands or not. So, production is important. The Government has given the slogan of productivity. But if there are not sufficient people to consume it, it becomes the question of produce and perish. The main question is purchasing power. Recently, Shri Amratiya Sen, a famous economist, in his book has said that the famine or all this poverty is a question of the purchasing power of the people.

Suppose in India our production has gone up. Is it true that the per-capita consumption of food has also gone up ? No, it has not. It is because per-capita consumption of food will go up only when the people will have a higher purchasing capacity. That depends on their levels of income, the levels of prices, the levels of employment. So, simply to say that by controlling population you control everything, not only it will be misleading the House, but it will be dangerously misleading the people also. Of course, the failure of the Government will be actually concealed from the eyes of the people and the Government will put emphasis that the people are poor because the people are producing more children. So, the Government has got to do nothing. The economic level has got to do nothing Maximising production and also the consumption, has got to do nothing. Only if you control the population, you can have a happy family.' That is seen in the hoardings : Limiting your family is an apparatus to happiness. Now, tell me if a man is unemployed and if he has only a limited family or even if he is not married, then how is he going to solve his problem ? I would never say that there is no need of population control. There is a need for it. If we are planning for our economic development, there must be planning in population also, but unfortunately the Government is over-emphasising this point.

PROF. N.G. RANGA : Which point ?

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : The point that poverty is the result of population growth.

PROF. N.G. RANGA : Who said that ?

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : They don't say that poverty is due to the existing system that is operating in our country.

The economic system based on exploitation of man by man, the economic system where there are idle resources, the economic system —Prof. Ranga, where you have the machine, where you have the infrastructure, where you have the man, there the machine is idle, the man is idle, the machine is rusting, and this is the economic system.

And why is that there is uneployment, why is it that there is poverty ? First of all, how can you give employment to the people who are living in villages ? It is a simple economics. Either they will have to work on the land or they will have to work in the small-scale or village or Khadi industries and all that. Because of the fact that a microscopic minority control greater areas of cultivation, the majority of them are landless. So long as they remain landless, they have to work on the land of others and depend on the wages that are given by the owners. And the wages are so low that it is very difficult for them to keep their body and soul together. And that is why, Mr. Deputy-Speaker, Sir, today when we talk of land reforms, some people think that this is a Left Front Government's thing. When you talk of sincerely implementing land reforms, they think that this is a Communist programme. But look at your Resolutions. You raised more slogans than the Left Front Government is trying to implement today in West Bengal. It is the Congress Resolution which said that to fight poverty in India there must be drastic land reforms and land must go to the tiller. Today some people say that they are farmers ; most of them do not know where things grow. They are all owners, not farmers. The richer class people do not work on the land, they only get profits and the Government is out to protect their interests. What about those 45 to 50 per cent of the people who have no land ? With the growth of industry the surplus population would work in the industries. But what is happening in India now ? Because of the arrested growth of industries, because of the stagnation, the people who are uprooted economically from the villages come to the cities, but they do not find employment there. This is the problem. So it is not a population growth, it is an industrial growth How can you have industrial growth ? If you do not have that land reform, the purchasing power of the millions of our people would remain low thereby shrinking the market where the things would be sold. This is economics. Then, why is it that there is arrested growth in the factories ? Sir, whatever is produced in the factory has got to be sold in the market. Who is going to purchase things that are produced in the factories ? The poor people. If they remain below the poverty line, then there will be a shrink in the market. Then there will be a drive for export. But you cannot export because you have strong competition outside. You have to expand the internal market and for that, land reform is necessary and also for that the monopoly houses—when we say 'nationalisation', some people think that it is a mantra. No. If you don't do this, you cannot solve the economic problem because 'monopoly' means restriction of production, 'monopoly' means—you consult any text-book, Prof. Ranga, you are an expert on economics. What is the definition of 'monopoly' ? Restriction of production because in perfect competition, what is the motto ? No single producer can control production.

Under monopoly, oligapoly and monopsony, we control and thereby restrict production and also push up prices. We get extra profit. That is why, we demand that there should he nationalisation of the big industries and Government should encourage the growth of small industries which will give employment and where production will go up.

Instead of concentrating on population and every time saying that there is growth of population and what can we do, population is growing, you only try to conceal your failure. You do not identify the real problem and you do not take correct, appropriate and radical measures..You cannot say because of the fact that you represent the kulaks, you represent the monopoly houses...(*Interruptions*).

I would like to know from the hon. Minister talking that they have a different system and we have this system and all that is useless. Say—how China with higher population is pulling on ? When you say inflation is global, you compare. It is not global. It is a socialist country and that is why there is inflation. In China, population is higher than that of India and the arable land is less than that of India, how is it though they control population. I have never said that to control population is not necessary. Why is it that they have been able to solve their unemployment problem ? How is it that their production is higher than that of India in steel, cement and every-

[Shri Satyasadhan Chakraborty]

thing. Going by the World Bank Report their standard of living is much higher than that of India. You will have to explain it.

Instead of talking of the population growth, which is enemy number one, they must attack the kulaks, landlords, monopolists and they must also radically change economic system whereby with the spread in education, rise in the standard of living of the people, there will be a decline in the growth of population and I have already shown that there is decline in the growth of population and also there has been decline in death rate which is good. This is because of the good medical education facilities. I do not say that you have not done anything. For the poor people you have done very little. Because it is a private Member's Bill, not to score a debating point, I am raising a fundamental issue. Compare it with other countries and say whether they are going to adopt those measures or not.

SHRI BISHNU PRASAD (Kaliabor): The population explosion is the primary impediment of socio-economic development in our country. Unless we arrest the growth of population in our country in a stringent manner, we will not be able to come up with a better standard of living. The standard of living will remain as it is. In our country 37% people are living below the poverty line. It is expected that at the end of the Seventh Plan the percentage of people living below poverty line will come down to 21% and at the end of the Eighth Plan it will come down to 10%. This is as per the Report of the Planning Commission.

Sir, the Government is trying its best to control the birth rate and in our country since it is voluntary the Government cannot control the birth rate by force. We have been educating the people to take to the family planning measures voluntarily. So, it is not possible to bring down the present population growth rate to zero rate or even less than what it is at present.

I may point out how population is growing in our country. You will be surprised to know that since 1921 to 1980-81, it has risen from zero per cent to 25%. In 1921, my State Assam's population was 51,57,789 and the All-India population was 25,12,39,492. Then, the percentage rate of growth in my State was 19% and that of All-India was (—)0.40% Now, Sir, after independence when progress is made in the country, the All-India population was 36,09,50,365 in 1951 and in Assam it was 88,30,732. This percentage rate of growth was 19 30 for Assam and 13 20 for All-India.

16.12 hrs.

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*]

SHRI BISHNU PRASAD: In 1961, it had grown enormously. Assam's population was 1,18,73,000 and the growth rate was 34.45%. During the same period, the All-India population was 43,90,72,582 and the growth rate was 21.50%. In 1971, it had become 1,49,57,542 in respect of Assam and 54,81,59,652 for the All-India. In 1981, when the census was completed, it has been found that the All-India population was 68,51,85,000 and the Assam population—projected figure—was 1,98,87,000. The percentage of growth was 36% in Assam whereas in the country it was 25%.

At the same time, the death rate in our country is decreasing. In Assam, in 1970 it has been said in the report which I have got, the death rate was 16.2% and the All-India rate was 15.7%. In 1980, in Assam, it was 10.7% and All-India was 12.4%.

16.14 hrs.

[DR. RAJENDRA KUMARI BAJPAI *in the Chair*]

SHRI BISHNU PRASAD: It proves that the death rate is decreasing and at the same time, the population is increasing so enormously that we must take it as a chaos. The Government is doing its best to control the population. In fact, India is the first country which has introduced population control measures at the Government level just 30 years ago. Now, it has been said while the population is increasing, there

is a division of urban population, and rural population in the country. At the same time, where the population is increasing, the poverty is also increasing at the same rate. Particularly in the rural areas, the population is increasing. In our country, 76% of our population live in rural areas and because of this, we have not been able to provide in the rural areas, education and other facilities of life and better standard of living to the people. Out of 68 crores of population, 52 crores live in rural areas and 16 crores live in urban areas. The urban-rural distribution of population pattern indicating that India continues to be predominantly rural, although urban population has increased to some extent.

The noted environmentalist Dr. Rashmi Mayur has said that 50% of the world's population would be urbanished by 2,000 AD and most would be urbanised within the next 100 years.

At the end of the century, Mexico would top the list with 31 million people while Calcutta and Bombay will be having 23 million and 16 million population respectively.

We have to deal with this present situation in a manner which we can control and better the standard of living of our people.

In our country, what is necessary is that we must give a fillip to the urban areas in our country. If the rural areas can be urbanised and we can better their standard of living and if all the necessities of life along with education are provided, then it will be possible to deal with this menace.

Secondly, if we can industrialise the country and give more facilities, then it will be possible to restrict the population of the country.

Thirdly, literacy must be increased. If we can educate the people, we will be able to restrict the population and then, the acceptance of the family planning will be larger. Where the females participate in large numbers in the work force, there the population is less.

In the Western countries, therefore, the population is decreasing. Rather it has reached zero growth rate. This is because the literacy there is high and also the female participation in the work force is larger. Take West Germany and Belgium. There, the population growth rate is zero. But the economic growth is increasing. Therefore, they are having better standard of living and people could live in a better way.

We have to reach our womenfolk in the rural areas and make them understand that by reducing the number of children, we can improve the status of the family and raise the level of life and open up opportunities of education and employment for the children. If we can make them understand these things, then the womenfolk will definitely come forward to accept the family planning methods. A strong political will is also necessary to bring down the population growth. The message should be given to people through radio, television and newspapers as well as through religious places as is being done in Indonesia, a Muslim country. There, through religious places they pass on the message to the people and the necessity of adopting family planning is thus taught in that country. Therefore, the population is reduced in Indonesia and some other countries which are taking to family planning seriously.

The present growth rate of population in our country is 2.2 per cent and it is expected that in the Seventh Plan it will come down to 1.8 per cent. My friend, Mr. Satyasadhan Chakraborty, was talking about China. In China they have restricted in such a way that a family cannot have more than one child ; for the second child they have to take the permission of the Government ; the mother cannot give birth to the second child without the permission of the Government. Even in that country they have been following family planning in such a stringent manner. The Bill which has been brought forward by my hon, friend, Mr. Rajagopal Naidu, has some stringent measures. The time is not opportune to adopt such stringent measures in our country because if we adopt such stringent measures here or pass such an Act or frame

[Shri Bishnu Prasad]

such a law, then the Opposition Parties will go to the people and say, "The ruling Party has passed such an Act under which you cannot have more than two children" because the Bill provides that a family cannot have more than two children But the fact remains that, unless we take some stringent measures, it will not be possible to bring down the growth rate in our country. The population growth has created difficulties in the field of employment. We have still 37 per cent of our people living below the poverty line who do not have a house to live and food to eat. Government has been trying its best to provide all the basic amenities to the people and we expect that by the end of the Seventh Plan from 47 per cent it will come down to 21 per cent. We have still the problems of education, housing, transport, and so on, and this population growth has slowed down the rate of our progress in giving our people a better standard of living.

The countries facing the biggest threat of falling incomes are those where the population is increasing at the rate of three per cent or more in a year. Countries like Kenya and Equador are having more than three per cent population growth But some east Asian countries like Korea, Taiwan, Hongkong and Singapore have achieved a remarkable success in reducing the birth rate. China has been able to reduce its birth rate in such a way that they have been able to tackle the problems of unemployment and housing better. Japan has been able to halve its birth rate from 34 to 17 per thousand in a decade from 1947, but in our country it has taken three decades to bring it down from 43 to 33. Therefore, in our country we have to give a proper thought to this problem, and in the interest of the country, we must frame a law in due time to bring down the population in a manner in which we can provide to our people a better standard of living.

With these words, I conclude.

श्री राजेश कुमार सिंह (फिरोजाबाद) : सभापति महोदया, श्री नायडू साहब का यह बिल, जिसका मकसद है—

'to restrict the growth of population in the country'.

बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस बिल के सम्बन्ध में उन्होंने जो मंशा जाहिर की है तथा जो चिन्ता व्यक्त की है मैं भी उससे सहमत हूं। देश की आबादी जिस तरह से बढ़ रही है उससे बहुत सी समस्याएं सामने खड़ी हो गई हैं। बेरोजगारी, बेकारी, भुखमरी—ये सारी समस्याएं जनसंख्या की वृद्धि के साथ जुड़ी हुई हैं इसलिए हमारे देश में इसकी ज्यादा चिन्ता होनी चाहिए। यह चिन्ता हमारे देश में ही नहीं, बल्कि सारे विश्व में बनी हुई है। विश्व की आबादी को यदि आप देखें तो विश्व "एनुअल ग्रोथ रेट" 1.72 परसेन्ट है और ऐसा मत है कि 2000 ई० तक यह 1.46 परसेन्ट हो जायगी। अब जहां तक हमारे देश का सम्बन्ध है यदि 2.2 परसेन्ट की ग्रोथ रेट इसी रफ्तार से चलती रही तो दुनिया की आबादी इस शताब्दि के अन्त तक 6.1 बिलियन हो जायगी और 2095 तक 10.5 बिलियन हो जायगी।

अब आप तुलना कीजिए— डवेल्प्ड कन्ट्रीज और डवेलपिंग कन्ट्रीज के बीच में। डवेलप्ड कन्ट्रीज की आबादी की ग्रोथ रेट इस समय 0.69 परसेन्ट है जो सन 2000 तक उम्मीद की जाती है 0.4 परसेन्ट हो जायगी। हमने पता नहीं इसमें क्या टारगेट फिक्स किया है, फिर भी हमको कोई टारगेट अवश्य फिक्स करना चाहिए कि हम वर्तमान ग्रोथरेट को कहां तक ले जायेंगे।

अब मैं इस बिल के सम्बन्ध में थोड़ी सी चर्चा करनी चाहता हूं—भारत की जनसंख्या इस समय जिस तरह से बढ़ रही है, यदि यह बढ़ोत्तरी कायम रही तो आने वाली शताब्दी तक हम चाइना से आगे बढ़ जायेंगे। चाइना जनसंख्या मे दूसरे नम्बर का राष्ट्र हो जायेगा। इस समय चाइना की ग्रोथ रेट 1.2 परसेन्ट है, थाइलैंड ने अपनी बर्थ रेट को गिराया है, उनके यहां 46.6 परसेन्ट से गिर कर 20.6 परसेन्ट हो गई है। फिलीपीन्ज, श्रीलंका, कोलम्बिया, क्यूबा, जमका और कोस्टारिका आदि देशों ने अपनी ग्रोथ रेट को रोकने का प्रयास किया और इसमें सफलता प्राप्त की है। इनकी सफलत

का कारण क्या है ? उनकी सफलता का प्रमुख कारण यह है कि उन्होंने फैमिली प्लानिंग के उस पार्ट में जहां विमेन-एजुकेशन की बात आती है सबसे ज्यादा महत्व दिया है। खासकर चाइना ने अपने ग्रामीण अंचल में फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं के हैल्थ रिफार्म्स पर ज्यादा जोर दिया है तथा इस क्षेत्र में उनको शिक्षित और जागृत करने का प्रयास किया है। लेकिन अफसोस यह है कि हमारे देश में हम अभी तक वहां नहीं पहुंच पाए हैं।

कुछ मुद्दे ऐसे हैं—जैसे मैं रंगा साहब के भाषण को पढ़ रहा था उन्होंने कहा है कि सरकार को भिन्न-भिन्न राजनीतिक दलों से इस दिशा में विचार-विमर्श करके लेजिस्लेटिव मेजर्ज लेने चाहिये, कुछ कानून बनाने चाहिए। जहां तक इस देश में कानून बनाने का प्रश्न है—बहुत सी चीजें इसमें सामने आती हैं—जैसे धार्मिक प्रवृत्ति, मनोवैज्ञानिक और पुरानी रूढ़ियां, जिन्हें आप रोक नहीं पायेंगे। एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि हमारी जनता रिजीम में हमने उसका बहुत ज्यादा फायदा उठाया। यह बात गलत है, वह फायदा हमने नहीं उठाया······

**श्री गिरधारी लाल व्यास :** रिजीम में नहीं, चुनाव में उठाया है।

**श्री राजेश कुमार सिंह :** जहां तक मैं समझता हूं—आपने कानून तो बना दिया, लेकिन उसका सही इस्तेमाल नहीं किया। उसका इस्तेमाल कुछ स्वार्थी लोगों ने अपने तरीके से किया और सरकार उसमें मौन बनी रही। उसके नतीजे पूरे देश के पैमाने पर देखने को मिले। अब इसके उपाय क्या हैं। पहला तो यह है कि कानून बनाएं लेकिन कानून बनाने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि आपके कानून को लागू करने वाले लोग कितने ईमानदार हैं और वे कानून पर कितना अमल करवायेंगे। किसी अधिकारी ने यह कह दिया कि फैमीली प्लानिंग के अन्तर्गत चार पांच लोगों की नसबन्दी करवा दी जाए, तो प्रोमोशन मिलेगा। अब कुछ लोग 10 लोगों की नसबन्दी करवा देंगे और वे ऐसे लोगों की करवा देंगे, जिनकी शादी न हुई हो। तो यह निगेटिव एप्रोच नहीं होनी चाहिए बल्कि पोजीटिव एप्रोच होनी चाहिए और ऐसे लोगों को प्रोत्साहन देना पड़ेगा, जो लोग फैमिली प्लानिंग पर अमल कर रहे हैं। इस विधेयक में माननीय सदस्य ने उल्लेख किया है कि किसी के निर्धारित बच्चों से ज्यादा बच्चे हो जायें, तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए। मैं कार्यवाही करने की बात नहीं करता। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि ऐसा सरकारी कर्मचारी, जिसने फैमिली प्लानिंग से अपने आप को नियंत्रित कर रखा है और इस कार्यक्रम में सहायक है, उसके करेक्टर रोल में इस का उल्लेख होना चाहिए और उसको प्रोमोशन मिलना चाहिए और यह नहीं होना चाहिए कि अगर किसी के तीन बच्चों की बजाए चार बच्चे हो गये, तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी, जैसा कि विधेयक में कहा गया है। मैं इस बात को नहीं मानता हूं।

आज ऐसे बहुत से लोग हैं, जो बेचैलर हैं और हमारी मंत्री महोदया भी हैं। एक जमाना था आजादी का और यह आपके जमाने की बात है कि अधिकांश लोग, जो सेनानी थे, वे विवाह नहीं करते थे। उन्होंने विवाह नहीं किया और अपने जीवन में सारे समाज को ही अपना परिवार समझा। इसके पीछे एक मंशा थी कि वे आजादी की लड़ाई में लगन से लगेंगे। आज भी कुछ ऐसी ही स्थिति है लेकिन अब जो एक प्रश्न उठता है, वह सोशल सेक्यूरिटी का है। परिवार बनाने की सबसे बड़ी जरूरत यह है कि आने वाले दिनों में जब वृद्धावस्था होगी, तो हमारे बच्चे हमारी देख-भाल करेंगे। आज जबकि सोशल सेक्यूरिटी की कोई व्यवस्था नहीं है, तो ऐसे लोगों को प्रोत्साहन नहीं मिलता। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि जो लोग अपने परिवार को सीमित रखना चाहते हैं और अपने परिवार को बढ़ाना नहीं चाहते उनको कुछ प्रोत्साहन मिले। गांवों और देहातों में कई कारणों से लोग अपने परिवार को बढ़ाना चाहते हैं। वे सोचते हैं कि हमारे ज्यादा बच्चे होंगे, तो वे मजदूरी का काम करेंगे और खेती में हमारी मदद करेंगे। कुछ लोग इसलिए परिवार बढ़ाना चाहते

[श्री राजेश कुमार सिंह]

हैं कि आबादी बढ़ेगी, तो दूसरों पर प्रभाव पड़ेगा और एक यह भी कारण है कि बुढ़ापे में बच्चे हमारे काम आयेंगे। तो यह जो अन्धकार उनके दिमाग में है, इसको निकालने की जरूरत है। कुछ सदस्यों ने यहां पर एकोनामिक्स और मार्क्स की थ्योरी की चर्चा की। इस पर उन्होंने यहां पर बहस चलाई। मैं कुछ हद तक उनसे सहमत हो सकता हूं कि एजूकेशन आएगी, तो खुशहाली आएगी लेकिन शिक्षा और खुशहाली आएगी कहां से इतनी बड़ी आबादी में।

मैं आपको बताऊं कि मैं नीदरलैंड गया था। वहां पर एक मिनिस्टर बता रहे थे कि हमारे यहां एक बहुत बड़ी प्राब्लम अनएम्प्लायमेंट की खड़ी हो गई है। एक छोटा सा देश है, जोकि आलीशान देश है और यहां पर सड़कों पर जायेंगे, तो पायेंगे कि कारों की कतारें खड़ी हैं लेकिन लोग दिखाई नहीं दे रहे हैं। वह मुल्क भी बेरोजगारी के बारे में सोच रहा है कि हमारे यहां बेरोजगार लोग बढ़ रहे हैं। वहां की आबादी 14 मिलियन है, फिर भी वह सोचता है कि बेरोजगारी बढ़ गयी। मैंने उनसे कहा कि आपके यहां कितने बेरोजगार बढ़ गये। वे कहने लगे कि हमें 1200 गिल्डर बेरोजगारी भत्ता देना पड़ रहा है। जो देश इतना सम्पन्न है, समृद्ध है और जहां सड़कों पर जायें, तो लोग दिखाई नहीं देते, वह भी इस तरह से सोचता है और हमारे यहां दिल्ली में और अन्य शहरों में भीड़-की-भीड़ चली जा रही है और बनारस और आगरा की गलियों में शाम को जाएं, तो चलने को जगह नहीं मिलेगी, हमें भी जनसंख्या की वृद्धि के बारे में सोचना पड़ेगा। एक आश्चर्य की बात और मैंने वहां पर देखी। वहां की पार्लियामेंट के सामने प्रदर्शन हो रहा था। एबोर्शन बिल आया हुआ था। रोमन कैथोलिक्स एक तरफ प्रदर्शन कर रहे थे और उसको रिफार्म करने वाली दूसरी तरफ जबकि वहां पर एबोर्शन कानूनन वैलिड है लेकिन और व्यापक बनाने के लिए वहां कानून लाया जा रहा था। तो उनके वहां भी लोगों को इस बात की चिन्ता है। अब धर्म के टकराव की जो बात है, उसको भी आपको देखना चाहिए। लोगों के अन्दर जो यह संकीर्णता है, मेरा ख्याल है कि धार्मिक लोगों को पहल करने के लिए आवाहन करना चाहिए और जो मनों में अन्धकार है, उसको दूर करना चाहिए और खास तौर से इसमें महिलाओं की भूमिका सबसे बड़ी होनी चाहिए। तभी यह सफल हो सकता है।

फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम के बारे में मैं आप को ध्यान दिलाना चाहूंगा। आपके फैमिली कार्यक्रम तो बहुत अच्छे बनते हैं लेकिन आपके इसके टारगेट्स पेपर में कुछ होते हैं और अजीब कुछ और होते हैं। आप सोचते कुछ हैं और उसका रिजल्ट कुछ और निकलता है। मैं आपको कोट करके बताता हूं—

> "The Ministry fixed a target of 7.8 million sterilisation for this terminal year of the Sixth Plan, a jump of nearly 2 million over the previous years 5.9 million. The fact that it is now settled for 5.95 million sterilisation this year clearly shows the less ambitious and more realistic approach of the authorities."

आपने कभी 7.5 कर दिया। फिर आपको वास्तविक ज्ञान हुआ तो आप लौट आए। आपने एलोकेशन कुछ की और एक्सपेन्डीचर कुछ किया। क्या आपने कभी देखा है कि आपने जितना एलोकेशन किया था उतना एक्सपेंडीचर हुआ था नहीं? आप कहते हैं कि आपके फैमिली प्रोग्राम चल रहे हैं। वे क्या चल रहे हैं? आल इंडिया रेडियो पर खबर आ जाती है कि कुछ कैम्प लगाए गए, कुछ नेता वहां चले गए और उनका उद्घाटन कर दिया। इस तरह देश में फैमिली प्लानिंग कार्यक्रम नहीं चलेगा।

आप बस्तियों में जाकर देखिए कि छोटे-छोटे बच्चे नंगे घूम रहे हैं। एक तरफ आपके परिवार नियोजन के कार्यक्रम चल रहे हैं दूसरी तरफ आपकी गन्दी बस्तियों में, शहरों की गलियों में बच्चों की आबादी बढ़ रही है। पढ़े-लिखे समाज में, सभ्य समाज में तो बच्चों की संख्या कम हो रही है

क्योंकि उस समाज ने परिवार में नियन्त्रण रखा हुआ है लेकिन गरीब और दरिद्र लोगों में बच्चों की संख्या बढ़ रही है। वे गलियों और मोहल्लों में नंगे घूम-फिर रहे हैं। क्या इससे देश में क्राइम नहीं बढ़ेगा, भुखमरी नहीं बढ़ेगी ? हम बढ़ती हुई जनसंख्या पर नियन्त्रण करने की जरूरत है।

हमारे समाज में कुछ पुराने तरीके थे। लोग ब्रह्मचर्य का पालन करते थे। जीवन के कुछ विधि-विधान थे। आपने मैरिज के बारे में नियम बनाए हैं। क्या कभी आपने देखा है कि 12-13 साल की बच्चियों की शादी हो जाती है ? आपने कानून बना दिया कि इस आयु से कम की आयु की बच्ची का विवाह नहीं होगा। क्या आपके इस कानून पर अमल होता है ? नहीं होता है। आपको इस कानून पर अमल कराने की कोशिश करनी चाहिए। अगर छोटी बच्चियों की शादी होगी तो उनके बच्चे भी पहले आयेंगे। उन माताओं का स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहेगा, आने वाली जेनरेशन का स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। आपको इस कानून पर सख्ती से अमल कराना चाहिए। कानून आपके पास हैं लेकिन उन पर अमल नहीं होता है।

फैमिली प्लानिंग में मोटीवेशन बहुत काम कर सकता है। इससे लोग स्वेच्छा से परिवार-नियोजन करेंगे। इसके लिए आपको ग्रामीण अंचलों में जहां कि अधिकांश लोग अशिक्षित हैं, धार्मिक प्रवृत्ति के लोग हैं, परम्पराओं में जकड़े हुए हैं वहां काफी प्रयत्न करने होंगे। जब तक आप उनके अन्धविश्वासों को नहीं तोड़ेंगे तब तक ग्रामीण अंचलों में काफी सफलता आपको मिलने वाली नहीं है।

मेरे दोस्त यह बिल लाये है। यह बिल बहुत अच्छा है। ऐसे ही आपके और भी बहुत से कानून हैं। सामाजिक सुधार के कानून, बाल विवाह पर रोक के कानून हैं। लेकिन उन पर अमल नहीं हो रहा है। उन पर भी आप सख्ती से अमल कराएं। अपनी शिक्षित बहनों को भी अपनी ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को यह बोध कराना है कि उन्हें अपने स्वास्थ्य के बारे में सोचना है। हमारी ग्रामीण अंचलों की महिलाएं अपने अस्तित्व को नहीं समझ पातीं, वे तो यह समझती हैं कि उनके पति का अस्तित्व ही सब कुछ है। उन्हें समझाना होगा कि उनका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तो उनका परिवार भी अच्छा रहेगा और वह आगे बढ़ेगा।

आपको इस कार्यक्रम के अन्दर एक रचनात्मकता लानी होगी। इस बिल से तो मैं आशा नहीं करता कि इस सम्बन्ध में कुछ हो सकेगा लेकिन सरकार से जरूर अनुरोध करता हूं कि वह इस पर गम्भीरता से विचार करे। यह राजनीतिक दलों का प्रश्न नहीं है कि कोई राजनीतिक दल इससे राजनीतिक उपलब्धि हासिल करना चाहता है। सरकार को चाहिए कि देश के सभी विद्वानों और समझदार लोगों को बुलाकर विचार करे और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इस देश में बढ़ती हुई आबादी को किस तरह से रोका जाए।

इतना कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : सभापति महोदया, जो बिल श्री नायडू ने प्रस्तुत किया है, उसका मैं कद्र करता हूं। मगर जो प्रावधान उसमें उन्होंने रखे हैं, वे हमारे लिए इतने उपयुक्त नहीं होंगे जितने कि हमने वालेंट्री तरीके से इस व्यवस्था को इस देश में लागू करने की कोशिश की है। आबादी का दबाव हमारे ऊपर बहुत बड़ा है। हमारी जितनी भी योजनाएं हैं, पहली पंचवर्षीय योजना से लेकर छठी पंचवर्षीय योजना तक, वे सब पापुलेशन ग्रोथ की वजह से कामयाब नहीं हुईं। हमारे पिछड़ेपन, बेरोजगारी, गरीबी का मुख्य कारण हमारी पापुलेशन है। अभी हमारे कम्युनिस्ट भाई इसका जिक्र कर रहे थे और पापुलेशन, गरीबी और पिछड़ेपन का मुख्य कारण योजनाओं का सही क्रियान्वयन न होना बता रहे थे। उनका कहना था कि योजनाओं के जरिए से हम लोगों का स्टेंडर्ड आफ लिविंग बढ़ा पाते और उनको रोजगार-धन्धा ज्यादा से ज्यादा दिला पाते। इसके जरिए हम निश्चित रूप से अच्छी

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

व्यवस्था बना पाते और पापुलेशन की ग्रोथ को रोक सकते थे। ये सब बातें उन्होंने कही हैं, इनके बारे में हमारी सरकार ने बहुत बड़ा काम देश भर में किया है। खासतौर से छठी पंचवर्षीय योजना में हमने उस कार्यक्रम को तेजी से चलाया है और ग्रामीण-अंचल को भी टच करने की कोशिश की कोशिश की है, जिसको अभी तक टच नहीं किया गया था। खास कर वहां जहां लोग गरीबी की रेखा से नीचे हैं। जिनकी संख्या वहां पर भिन्न-भिन्न बताई जाती है। विरोधी पक्ष के लोग कुछ संख्या बताते हैं और सरकार कुछ संख्या बताती है। मगर जितने भी लोग हैं, उन लोगों के लिए कार्यक्रम बनाए गए हैं और वे कार्यक्रम निश्चित तरीके से सराहनीय और प्रशंसनीय हैं। उनसे अच्छा काम हुआ है और काफी लोगों को हम गरीबी की सतह से ऊंचा उठा सके हैं। इस दिशा में काफी काम हुआ है। इसलिए इस प्रकार के कार्यक्रमों के जरिए से हमने ग्रामीण अंचल को भी इसमें लिया है और उनका स्टैंडर्ड आफ लिविंग बढ़ाने की व्यवस्था की है। इस कार्यक्रम को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने की कोशिश की है। बन-[illegible] और स्टैंडर्ड आफ लिविंग की ओर ध्यान दिया गया है।

आज सबसे आवश्यक बात यह है कि इस व्यवस्था को ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू रूप से चलाने की आवश्यकता है। टारगेट आप मुकर्रर कर देते हैं हर एक प्रांत के लिए कि इतने आपरेशन होंगे, इतने लूप लगाए जाएंगे। लेकिन व्यवस्था ठीक प्रकार से संचालित नहीं हो पाती। फण्ड भी आप दे देते हैं लेकिन जब तक इन सारी चीजों को आप नहीं देखेंगे तब तक यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल नहीं हो सकता। ग्रामीण क्षेत्र में अगर एक भी केस खराब हो जाता है तो उसका पूरे क्षेत्र पर बहुत बुरा असर पड़ता है। आपने दूरबीन के जरिए नसबन्दी की व्यवस्था कर दी है और अन्य प्रकार के आधुनिक तरीकों की व्यवस्था भी कर दी है मगर आफ्टर सर्विस की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। इस तरह की व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे लोगों पर अच्छा असर हो और लोगों का ज्यादा से ज्यादा सहयोग मिल सके। इन चीजों को ब्लाक लेबल पर और ग्राम लेबल पर पहुंचाने की आवश्यकता है। एक रोज मन्त्री महोदय बता रहे थे कि बहुत से ऐसे अस्पताल हैं जहां पर डाक्टर नहीं हैं, नर्सेस, कम्पाउन्डर नहीं हैं। ऐसी स्थिति में इस कार्यक्रम को किस प्रकार से क्रियान्वित किया जाएगा। आफ्टर केयर की नितांत आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसके लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता इसलिए है कि अगर एक भी केस खराब हो जाता है तो उसका बहुत बुरा असर पड़ता है। सारी मेहनत बेकार हो जाती है। सब लोग यही कहते हैं कि आपने इलाज के लिए कोई व्यवस्था नहीं की है। इसलिए, इस प्रकार की व्यवस्था हमारे इस कार्यक्रम के अन्दर होनी चाहिए ताकि यह कार्यक्रम ज्यादा से ज्यादा सम्पन्न हो सके और पापुलेशन ग्रोथ, जो इतनी तेजी के साथ हो रही है, उसको रोक सकें। आंकड़ों के अनुसार जितनी पापुलेशन पहले बढ़ती थी, उससे अब नीचे आ गए हैं। हमारी कोशिश है कि हम और नीचे आएं। उसके बाद ही यह व्यवस्था ठीक हो पाएगी। 1947 में आबादी कितनी थी, आज क्या है और सन् दो हजार में कितनी हो जाएगी? इस प्रकार के आंकड़े अगर देखें तो हमारे सारे प्लान विफल हो जायेंगे। इसलिए, इस व्यवस्था को ठीक तरह से इम्प्लीमेंट करने की आवश्यकता है। मैडिकल फैसिलिटीज के सम्बन्ध में भी व्यवस्था होनी चाहिए। प्रि-मैडिकल केअर और आफ्टर मैडिकल केअर होनी चाहिए। गांवों में महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धी आपने क्या व्यवस्था की है? कागजों में तो सब आंकड़े दे दिए होंगे कि हमने इतने अस्पताल और पी०एच०सी० सेन्टर खोल दिए हैं। जब तक उनके देखभाल की व्यवस्था नहीं होगी तब यह कार्यक्रम सुचारू रूप से लागू नहीं हो सकता। गांव के लोग पढ़े-लिखे नहीं हैं। लेकिन फिर भी महिलाओं और पुरुषों में इसका काफी प्रचार हुआ है और वे जागृति के रास्ते पर आए हैं। बच्चा होने से पूर्व जो मैडिकल केअर होनी चाहिए, वह तो गांवों में कहीं पर भी उपलब्ध नहीं है। आपने तो कह दिया है कि "हैल्थ फार आल इन 2,000 ए०डी०"। इसको किस प्रकार

से सम्पन्न करायेंगे। मुझे तो बड़ा ताज्जुब होता है कि यह कार्यक्रम कैसे पूरा हो पाएगा? आज आपने आंकड़े दे दिए हैं कि छठी पंचवर्षीय योजना में इतने सेन्टर खोलने की व्यवस्था है। लेकिन, वे आज तक खुले ही नहीं हैं। आपने कहा है कि दस हजार पर एक पी०एच०सी० सेन्टर खोलेंगे। हमारे गांव में तो एक लाख की आबादी पर एक पी०एच०सी० सेन्टर है। उससे आप कैसे एक्सपेक्ट कर सकते हैं कि वह सारी पापुलेशन की देखभाल कर लेगा? हैल्थ फार आल का जो कार्यक्रम आप बना रहे हैं, यह बड़ी खुशी की बात है। लेकिन इसको किस प्रकार से इम्पलीमेंट करेंगे? इसका इम्पलीमेंटेशन तो राज्यों के जरिए से होता है। उनके पास इतने साधन हैं ही नहीं और न आप उनको इतने साधन उपलब्ध कराते हैं। इस तरीके से यह व्यवस्था नहीं चल पाएगी। जब तक आप चार-चार या पांच-पांच हजार की पापुलेशन पर डिस्पेंसरियां, पी०एच० सी० सेन्टर और हैल्थ वर्कर्स तथा दाइयों की व्यवस्था नहीं करेंगे तब तक ये सारे कार्यक्रम कामयाब नहीं हो पायेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्टैण्डर्ड आफ लिविंग भी बढ़ाना पड़ेगा। जब तक खाने के लिए प्रोटीन, पहनने के लिए कपड़ा, रहने के लिए अच्छा मकान नहीं होगा तब तक ऐसी व्यवस्था चल नहीं पाएगी। अच्छे घरों में ज्यादा बच्चे पैदा नहीं होते जबकि गरीब के घर में ज्यादा बच्चे पैदा होते हैं। उसका मुख्य कारण यही है कि उनके स्टैण्डर्ड आफ लिविंग में बहुत बड़ा अन्तर है। इसलिए, इसको बढ़ाने की आवश्यकता है। खेती-बाड़ी और एक माननीय सदस्य ने लैण्ड रिफार्म, धन का बंटवारा और रोजगार की व्यवस्था के लिए भी कहा है। जब तक यह व्यवस्था नहीं होगी तब तक उनका स्टैण्डर्ड आफ लिविंग नहीं बढ़ पाएगा। हमारे देश में पावर्टी लाइन के नीचे जो इतनी बड़ी पोपुलेशन है, उसको पावर्टी लाइन से ऊपर लाने के लिए आपने कार्यक्रम तो बनाए हैं मगर वे कार्यक्रम ऐसे नहीं हैं कि उनके जरिए इन 37 प्रतिशत से अधिक लोगों को पावर्टी लाइन से ऊपर लाया जा सके।

अभी हमारे एक आसाम के भाई बोल रहे थे कि हम सन् 2000 तक इस प्रतिशत को 10 तक ला देंगे। यदि आप इस देश में हर साल बढ़ने वाली पोपुलेशन को ध्यान में रखते हुए पावर्टी लाइन से नीचे रहने वालों का प्रतिशत सन् 2000 तक दस प्रतिशत ले आते हैं, तो मैं उसको बहुत बड़ी उपलब्धि मानूंगा। आपने सातवीं पंचवर्षीय योजना का जो एप्रोच पेपर हमको दिया है, उसके अन्दर इस दिशा में काफी कदम उठाने की बात कही गई है, आप ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत बड़े पैमाने पर सारी व्यवस्थाएं करने की कोशिश करेंगे, लेकिन इन सारे कार्यक्रमों के बावजूद भी क्या आप तेजी के साथ देश के विकास कार्यों की गति बनाए रख सकेंगे? यह प्रश्न भी विचारणीय है कि इन सारे कार्यों के बाद भी क्या हम अपने उद्देश्य में सफल हो सकेंगे? इसीलिए मैंने कहा कि जहां हमें इन सारे कदमों को उठाना चाहिए, वहीं जैसा हमारे राजेश जी जिक्र कर रहे थे, हमारे देहाती क्षेत्रों में इन कार्यक्रमों के सफल इम्पलीमैंटेशन के सामने बाल-विवाह की कुरीति आड़े आती है। देश में बहुत से ऐसे इलाके हैं जहां गांवों में छोटे-छोटे बच्चों की शादी हो जाती है और पापुलेशन के बढ़ने का मुख्य कारण यह भी है। वैसे तो हमने अपने देश में शारदा एक्ट लागू कर रखा है और उसके अनुसार 18 साल से कम उम्र की लड़की तथा 21 साल से कम उम्र के लड़के की शादी कानूनी तौर पर वैध नहीं है, मगर हमारे गांवों में दो-दो और चार-चार साल के बच्चों की शादी कर दी जाती है। मैं समझता हूं कि यह कुरीति भी हमारी पोपुलेशन ग्रोथ में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इस दिशा में भी कुछ कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि इस कुप्रथा को रोका जा सके। वैसे हमारे यूरोपियन कन्ट्रीज में तथा कुछ दूसरे देशों में लोग 30-30 और 40-40 की उम्र में जाकर कहीं शादी करते हैं। इसी कारण उनके यहां कम बच्चे होते हैं जबकि हिन्दुस्तान में ज्यादा बच्चे होते हैं। एक यह भी कारण है जिससे हम अपनी योजनाओं को सफलतापूर्वक इम्पलीमेंट नहीं कर पाते। हमारे यहां इन हालात के चलते रहने के कारण

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

पोपुलेशन ग्रोथ दूसरे देशों की अपेक्षा ज्यादा है। इसलिए ऐसी व्यवस्था का होना भी नितान्त आवश्यक है। (व्यवधान)

